# निवेश मित्र से तीन वर्ष में चार लाख स्वीकृतियां

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** उद्यमियों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जिस सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र का शुभारंभ किया था, वह ईज आफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग सुधारने में बड़ा मददगार साबित हुआ है। आवेदन और निस्तारण की समीक्षा के बाद औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से पिछले तीन वर्ष में चार लाख से अधिक स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं।

विभागीय मंत्री ने बताया कि निवेश मित्र के जरिये 96 फीसद की निस्तारण दर और 85 फीसद की अनुमोदन दर से 4,03,806 स्वीकृतियां दी गई हैं। पोर्टल पर कुल 4,77,761 आवेदन किए गए।



सतीश महाना (फाइल फोटो)

- **फरवरी 2018 से अब तक सिंगल विंडो पोर्टल पर 4,77,761 आवेदन, 96% का निस्तारण**
- **32,965 में से 31,242 शिकायतों का भी निवारण, 80 फीसद उद्यमियों से संतुष्टि का फीडबैक**

उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में कारोबारी माहौल में बेहतरी के लिए औद्योगिक सुधारों को लागू कर रही है। निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल निवेश की प्रक्रिया को पारदर्शिता और सुविधाजनक बनाने के प्रयासों में से एक है। यही वजह है कि 12 स्थानों का सुधार करते हुए यूपी ईज आफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर आ गया।

महाना ने बताया कि पोर्टल की शुरुआत 20 विभागों की 69 सेवाओं के साथ की गई थी। वर्तमान में 347 सेवाएं दी जा रही हैं। इनमें उद्यमों व व्यवसायों से संबंधित सभी स्थापना, संचालन व नवीनीकरण की लाइसेंस संबंधी सेवाएं शामिल हैं। इस पोर्टल पर उद्यमियों की 32,965 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 31,242 का 95 फीसद की दर से समाधान किया गया है। फीडबैक माड्यूल के उपयोगकर्ताओं से कुल 2,26,113 फीडबैक मिले हैं, जिनमें से लगभग 80 फीसद यानी 1,79,979 संतुष्ट श्रेणी के हैं।